रोल नं0.
**Roll N0.** | | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या
**N0 .of printed pages:**

समय 3 घण्टे
**Time : 3 Hours**

प्रतिदर्श प्रश्न – पत्र
इतिहास
2025–2026

निदेश : **(i)** इस प्रश्न पत्र में कुल 25 प्रश्न है। सभी प्रश्न अनिर्वा है।
**Directions : There are in all 25 question in this question paper. All question are Compulsory.**

**(ii)** प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित है।
**Marks allotted to the question are mentioned against them.**

**(iii)** प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।
**Read each question carefully and answer to the point.**

**(iv)** प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गये है। सही उत्तर अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न सं0 2 से 7 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न है।
**Question No. 1 is multiple choice question .Four option in given in answer of each part of this question . Write correct option in your answer book. Question No. 2 to 7 are definite answer type question .**

**(v)** प्रश्न संख्या 8 से 11 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए।
**Question No. 8 to 11 are to be answered in about 50 wards each.**

**(vi)** प्रश्न संख्या 12 से 18 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 125 शब्दों में दीजिए।
**Question No. 12 to 18 are to be answered in about 125 wards each.**

**(vii)** प्रश्न संख्या 19 से 23 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।
**Question No. 19 to 23 are to be answered in about 250 wards each.**

**(viii)** प्रश्न संख्या 24 केस/श्रोत आधारित प्रश्न है, जिसका उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।
**Question No. 24 is case/Source based question , to be answered as directed.**

**(ix)** प्रश्न संख्या 25 से संबंधित मानचित्र को अपनी उत्तर पुस्तिका में संलग्न कीजिए।
**Attach the map related to question No 25 in your answer-book.**

**(x)** इस प्रश्न –पत्र में सम्रग पर कोई विकल्प नही है, तथापि कतिपय प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए ।
**There is no overall choice in the question paper, however , an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such question.**

1–(i) भारतीय पुरातत्व का जनक किसे कहा है? 1

अ–अलेक्जेंडर कनिंघम ब – जान मार्शल

स–कालिन मैकेंजी द –फ्रांसिस बुकानन

Who is called the father of Indian archaeology?

A .Alexander Kanigham B .Jan Marchal

C . Kalin Maccanzi D .Francis Bukanan

II –अशोक के अधिकांश शिलालेख किस लिपि में लिखे गये है? 1

अ–देवनागरी ब–खरोष्ठी

स–ब्राह्मी द –प्राकृत

In Which script are mast of ashoka's inscriptions written ?

A .Devnagari B .Kharosthi

C .Brahmi D . Prakrit

III –हड़प्पा लिपि को किस प्रकार की लिपि माना जाता है? 1

अ–वर्णमाला ब –चित्रलिपि

स–ध्वनि आधारित द –देवनागरी

What type of script is the hardpan script considered ?

A .Alphabetical B .Pictographic

C .Phonographic D .Devanagari

IV –किस सिक्ख गुरु को मुगल सम्राट औरगंजेब ने फांसी दी थी? 1

अ–गुरु अर्जुन देव ब –गुरु हरगोविन्द

स– गुरु तेग बहादुर द – गुरु गोविन्द सिंह

Which Sikh guru was executed by the Mughal Emperor Aurangzeb ?

A .Guru Arjun dev B .Guru Hargobind

C .Guru Teg Bahadur D . Guru Gobind Singh

V –दीन ए– इलाही धर्म किसके द्वारा शुरु किया गया था? 1

अ–हुमायूँ ब –अकबर

स–जहॉगीर द –शाहजहॉ

The religion Din-ilahi was started by whom ?

A .Humayun B .Akbar
C .Jahagir D . Shah jahan

VI –'वेदों की ओर लौटो' का नारा किसने दिया था? 1

अ–राजा राम मोहन राय ब – दयानन्द सरस्वती
स–विवेकानन्द द –रामकृष्ण परमहंस

Who gave the slogan ' Go Back to the Vedes' ?

A . Raja Ram Mohan Roy B. Dayanand saraswti
C .Vivekananda D .Ram Krishna Paramahansa

Vii –'दिल्ली चलो का नारा' किसने दिया था? 1

अ– महात्मा गॉधी ब – सुभाष चन्द्र बोस
स–भगत सिंह द –बी0 बार0 अम्बेडकर

Who gave the slogan 'Delhi chalo' ?

A .Mahatma Gandhi B . Subhas chandra bose
C .Bhagat Singh D. B.R. Ambedkar

Viii –डॉक्ट्रीन ऑफ लैप्स (राज्य हड़प नीती) किसने शुरु की? 1

अ–लार्ड हेस्टिंग्स ब – लार्ड वेलेजली
स– लार्ड डलहौजी द –लार्ड रिपन

Who introduced the policy of ' Doctrine of lapse' ?

A .Lard Hastings B .Lord Wellesley
C .Lord Dalhousie D. Lord Ripon

**निर्देश :** प्रश्न संख्या –1 के अगले दो खण्डों में दो कथनों को अभिकथन **(A)** तथा कारण **(R)** के रुप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों **(i),(ii), (iii)** तथा **(iv)** में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।

**Direction: In next parts of Question No,-1 there are two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R), From the following options (i),(ii),(iii), and (iv),select their correct answer.**

(i) A तथा R दोनो सही है, तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
Both A and R correct and R is the correct explanation of A.

(ii) A तथा R दोनो सही है, परन्तु R, A की सही व्याख्या नही करता है।
Both A and R correct but R is not the correct explanation of A.

(iii) A सही है परन्तु R गलत है,
A is correct but R is incorrect.

(iv) A तथा R दोनों गलत है,
Both A and R are incorrect.

अभिकथन(A) तथा कारण (R) वाले प्रश्न

IX- अभिकथन (A) :उत्तर वैदिक काल में महिलाओं की सामाजिक स्थिति में गिरावट आयी ।

कारण (R) :इस काल में गोत्र की संस्था और वर्ण व्यवस्था अधिक कठोर हो गइ। 1

Assertion (A) –The social status of women deteriorated in the later Vedic period.

Reason –(R) The institution of gotra and the Vaarna system became more rigid during this time

X अभिकथन (A) भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान रेलवे का विकास केवल ब्रिटिश हितों की पूर्ति के लिए किया गया था।

कारण (R) रेलवे का उपयोग कच्चे माल को बन्दरगाहों तक और तैयार माल को आंतरिक बाजारों तक तेजी से पहुॅचाने के लिए किया जाता था। 1

Assertion (A) –During British rule in India the development of Railways was done solely serve British interests.

Rison –(R) The railways were used to rapidly transport raw materials to parts and finished goods to maternal markests .

प्रश्न 2 –गायत्री मंत्र का उल्लेख किस वेद में मिलता है ? 1

The Gayatri Mantra is mentioned in which Veda ?

प्रश्न 3 –मौर्य साम्राज्य के संस्थापक कौन थे ? 1

Who was the founder of the Mauryan Empire ?

प्रश्न 4 –अकबरनामा किसने लिखा था ? 1

Who wrote the Akbarnama ?

प्रश्न 5 –गुरु ग्रंथ साहिब का संकलन किस सिख गुरु ने किया था ? 1

Which Sikh guru Compiled the Guru Granth Sahib?

प्रश्न 6 –अंग्रेजी शिक्षा शुरु करने के पीछे लार्ड मैकाले का मुख्य विचार क्या था? 1

What was lord macaulay’s primary idea behind introducing English Education ?

प्रश्न 7 –भारत छोड़ो आन्दोलन की असफलता का प्राथमिक कारण क्या था? 1

What was the primary reason for the failure of the ‘Quit India Movement’?

प्रश्न 8 –सूफी संतो द्वारा प्रचारित किन्ही दो सिद्धान्तों का उल्लेख करें ? 2

Mention any two principles propagated by sufi saints ?

प्रश्न 9 –विजयनगर साम्राज्य की स्थापत्य कला की दो मुख्य विशेषताओं का वर्णन करें ? 2

Describe two main features of the architecture of the Vijayanagara Empire.

प्रश्न 10 –1857 के विद्रोह की विफलता के किन्ही दो महत्वपूर्ण कारणों को स्पष्ट करें ? 2

Explain any two significant reason for the failure of the revolt of 1857.

प्रश्न 11 –कैबिनेट मिशन योजना के दो प्रमुख प्रावधान बताइए ? 2

State two main provisions of the cabinet ?

प्रश्न 12 –सॉची स्तूप को संरक्षित करने में शाहजहॉ बेगम के योगदान का वर्णन कीजिए ? 3

Describe the contribution of Shahjahan begum in preserving the Sanchi stoopa ?

अथवा / or

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में नए धार्मिक संप्रदायों के उदय के कारणों का विश्लेषण कीजिए।

Analyze reasons for the rise of new religious sects in the 6th century BCE.

प्रश्न 13 –अशोक के धम्म की मुख्य विशेषताओं(अथवा सिद्धान्तो) का वर्णन कीजिए ? 3

Describe main features (or principles) of Ashoka’s Dhamma . ?

प्रश्न 14 –इतिहासकार हड़प्पा लिपि को समझने में क्यों असमर्थ रहे है ? 3

Why have historians been unable to decipher the Harappan script

प्रश्न 15 –वीरशैब आन्दोलन (लिगांयत) की मुख्य विशेषताओं (या सिद्वान्तों ) का वर्णन कीजिए ? 3

Describe main features (or principals ) of the Virashavia Movement (Lingayats)?

अथवा / or

सूफीवाद के मुख्य सिद्वान्तों का उल्लेख करें।

Mention main principles of Sufism.

प्रश्न 16 – मनसबदारी व्यवस्था में 'जात' और 'सवार' पदों का क्या महत्व था ? 3

What was the significance of the 'Zat' and 'Sawar' ranks in the Mansabdari system?

प्रश्न 17 –असहयोग आन्दोलन के कार्यक्रमों का उल्लेख करें ? 3

Mention programs of the Non Cooperation Movement ?

अथवा / or

क्रिप्स मिशन की विफलता के कारणों का विश्लेषण कीजिए।

Analyze reasons for the failure of the Cripss Mission .

प्रश्न 18 –संविधान सभा के गठन के मुख्य उद्देश्यों का उल्लेख करें ? 3

Mention main objectives of the formation of the constituent assembly ?

प्रश्न 19 –संगम काल के सामाजिक और आर्थिक जीवन पर एक विस्तृत निबन्ध लिखिए . 5

इस काल में व्यापार और वाणिज्य की स्थिति क्या थी?

Write a detailed essay on the social and economic life of the Sangam age .What was the condition of trade and commerce during this period ?

अथवा / or

प्राचीन भारतीय इतिहास के पुर्ननिर्माण में पुरातात्विक स्त्रोतो के महत्व का विस्तार से मूल्यांकन कीजिए।

Evalute in detail the significance of archeological sources in reconstructing ancient Indian history .

प्रश्न 20 –मगध साम्राज्य के उत्कर्ष के लिए उत्तरदायी विभिन्न कारको (भौगोलिक,आर्थिक और राजनीतिक)की विस्तृत विवेचना कीजिए। 5

Describe in detail the varuous factors (geographical, economic and political )responsible for the ascendancy of the Magadha Empire ?

प्रश्न 21–अकबरनामा की रचना और विषय वस्तु का विस्तृत वर्णन कीजिए। ये ग्रंथ मुगल इतिहास को समझाने मे किस प्रकार सहायक है? 5

Describe in detail the composition and subject matter of Akbarnama. How are these texts useful in understanding Mughal History?

अथवा / or

मुगल काल में कृषि समाज की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए। इस समाज में महिलाओं की स्थिति क्या थी।

Describe main characteristics of the agrarian society during the Mughal period. What was the status of women in this society . ?

प्रश्न 22–इब्बनबबूता के वृतान्तों के आधार पर चौदहवी शताब्दी के भारतीय शहरों की मुख्य विशेषताओं का वर्णन

कीजिए । 5

Describe the main characteristics of Indian cities in the fourteenth century based on the accounts of Ibn Battuta.

प्रश्न 23 –1857 के विद्रोह के स्वरुप और विस्तार का वर्णन कीजिए। इतिहासकारों ने इस घटना की प्रकृति लेकर क्या विचार दिए है। 5

Describe the nature and spread of the Revolt of 1857 .What views have historians offered regarding the nature of this event?

अथवा / or

भारत के विभाजन के लिए उत्तरदायी प्रमुख कारणों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

Critically analyze major reasons for the partition of India .

प्रश्न – 24 स्रोत आधारित प्रश्न –

असहयोग आन्दोलन, अपने वर्तमान रुप में , इसलिए शुरु किया गया है, ताकि सरकार को यह महसूस कराया जा सके कि जनता के जीवन पर उसका नियन्त्रण पूरी तरह से जनता की सद्भावना पर निर्भर करता है। हमे विदेशी वस्त्रों को जलाकर उनकी जगह खादी को बढ़ावा देना होगा, क्योकि खादी गरीबी और भुखमरी को समाप्त करने का एकमात्र समाधान है। हमे सरकारी स्कूलों और कॉलेजों को छोड़ना होगा, ताकि सरकार जान जाए कि हम उसकी शिक्षा प्रणाली को स्वीकार नही करते है। हमें सभी सरकारी उपाधियॉ छोड़नी होगी। यह एक ऐसा आन्दोलन है जिसके लिए किसी भी प्रकार की हिंसा या उपद्रव की आवश्यकता नही है। और यदि हम एक वर्ष के लिए अपने लक्ष्यों पर केन्द्रित रहते है, तो स्वराज निश्चित रुप से हासिल किया जाएगा।

1– गॉधी जी के अनुसार असहयोग आन्दोलन शुरु करने का मुख्य उद्देश्य क्या था ? 1

2– गॉधी जी ने खादी को बढ़ावा देने पर जोर क्यों दिया? 1

3– गॉधी जी ने आन्दोलन की सफलता के लिए किस समय–सीमा का उल्लेख किया ? 1

4–उपर्युक्त अपील, असहयोग आन्दोलन को एक जन आन्दोलन बनाने मे किस प्रकार सहायक हुई। 2

The Non- Cooperation movement , in this present form , is launched to make the government realize that its control over the lives of the people depend entirely on the good will of the public .We must burn foreign cloth and promote khadi in its place as khadi is the only solution to end poverty and starvation . We must abandon Government school and college, so that the government knows we do not accept its education system. We must renounce all Government titles .This is a movement that does not require any kind of violence or uproar.And if we remain focused on our aim for one year Swaraj will surely be attained.

1- According to Gandhi ji , What was the main objective of launching the Non-Cooperation Movement ?
2- Why did Gandhi ji emphasize the promotion of khadi ?
3- What time frame did Gandhi ji mention for the movements success?
4- How did the above appeal help make the Non –cooperation Movement a mass movement ?

प्रश्न 25 –मानचित्र – 5

क–उत्तराखण्ड में स्थित अशोक का अभिलेख वाला स्थल –

Ashoka’s inscription site in uttarakhand

ख–हड़प्पा सभ्यता का वह स्थल जहॉ बन्दरगाह मिला है।

The site of the Harappan civilization where dockyard/port has been found .

ग–सारनाथ

Sarnath

घ–झांसी।

Jhansi .

ङ–जूनागढ़ रियासत का क्षेत्र

The territory of the state of Junagadh

नोट – निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए उपर्युक्त प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर है।

**Note: The following question in only for the blind candidates in lieu of above Question No. 25.**

भारत के उन राज्यों के नाम लिखिए जिनमें निम्न स्थान स्थित हैं–

क–उत्तराखण्ड में स्थित अशोक का अभिलेख वाला स्थल –

Ashoka's inscription site in uttarakhand

ख– हड़प्पा सभ्यता का वह स्थल जहॉ बन्दरगाह मिला है।

The site of the Harappan civilization where dockyard/port has been found .

ग– सारनाथ

Sarnath

घ–झांसी।

Jhansi .

ङ– जूनागढ़ रियासत का क्षेत्र

The territory of the state of Junagadh